भ्रष्टाचार | जांच के दौरान पटवारी घनश्याम गढ़वाल 5 हजार रुपये लेने पर सहमत हो गया

पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में सोमवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पटवारी जमीन के नामांतरण के बदले 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक संदीप कुमार सिंह निवासी पड़रिया, तहसील गोटेगांव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी माता ममता देवी ने ग्राम मुआर में 7 एकड़ भूमि खरीदी थी।

उक्त भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया के लिए हल्का नंबर 41 ग्राम मुरदई के पटवारी घनश्याम गढ़वाल द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान पटवारी घनश्याम गढ़वाल 5 हजार रुपये लेने पर सहमत हो गया। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। सोमवार 1 जून 2026 को गोटेगांव स्थित महिंद्रा शोरूम के बगल में टीला क्षेत्र में संचालित पटवारी के निजी कार्यालय में कार्रवाई की गई।

प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही

यहां आरोपी पटवारी घनश्याम गढ़वाल को आवेदक से 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

आरोपी घनश्याम गढ़वाल (39 वर्ष), निवासी पंचमुखी हनुमान कॉलोनी बरही, जिला कटनी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई। ट्रैप दल में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित लोकायुक्त जबलपुर की टीम शामिल रही।

उमस भरी गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित

नवभारत,तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भीषण गर्मी और नौतपा की तपन से आम जनजीवन प्रभावित बना हुआ है।लोग घरों से बाहर निकलने में परहेज करते देखे जा रहे हैं तो देर रात्रि तक चल रही गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रहीं है।इसी बीच अचानक बदले मौसम के मिजाज के चलते हुई हल्की बारिश ने कुछ समय के लिए तो राहत पहुंचाई लेकिन यह राहत उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का जीना दुश्वार कर रही है। चिपचिपाहट वाली गर्मी के चलते हर वर्ग हलाकान देखा जा रहा है। अचानक हुई इस वारिस के बीच बादल छाने के चलते गर्माहट उमस स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डाक्टरों की माने तो अस्पताल में विगत दो तीन दिनों में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी होती चली जा रही है।उमस भरी गर्मी के बीच शरीर का पसीना जल्दी नहीं सूखता तथा शरीर का तापमान भी नियंत्रित नहीं हो पाता है।ऐसे समय में वैक्टिरिया वायरस तेजी से पनपते हैं। जिससे डी हाइड्रेशन वायरल फीवर गले में इन्फेक्शन त्वचा रोग के साथ साथ उल्टी-दस्त पेट दर्द की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे समय में विशेष सावधानी के साथ लगातार पानी पीने ओ आर एस नीबू पानी पीने हल्के सूती कपड़ों का उपयोग करना चाहिए।

साईंखेड़ा में शुरू हुआ स्पीड ब्रेकर निर्माण कार्य

नवभारत,साईंखेड़ा। नगर की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एमपीआरडीसी द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लंबे समय से नगरवासियों द्वारा की जा रही मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है। नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल के लगातार प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी सक्रियता के चलते यह कार्य धरातल पर उतर सका है। नगर के मुख्य मार्गों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन, बसें, ट्रक एवं अन्य चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं।

इसके कारण नगर के प्रमुख चौराहों, स्कूलों, बाजार क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती थी। स्थानीय नागरिक कई वर्षों से इन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग कर रहे थे, ताकि वाहनों की गति नियंत्रित हो सके और आमजन को सुरक्षित आवागमन का वातावरण मिल सके। बीते दिनों स्टेट हाईवे-44 पर हुई सड़क दुर्घटनाओं ने नगरवासियों की चिंता और बढ़ा दी थी। दुर्घटनाओं में लोगों के घायल होने की घटनाओं के बाद सड़क सुरक्षा का मुद्दा गंभीर रूप से सामने आया। स्थिति को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन

अग्रवाल ने इस विषय को प्राथमिकता देते हुए एमपीआरडीसी अधिकारियों को पत्राचार कर नगर के संवेदनशील एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवं मध्यप्रदेश शासन के मंत्री उदय प्रताप सिंह को भी इस समस्या से अवगत कराया तथा शीघ्र समाधान की मांग की। नगर परिषद अध्यक्ष के सतत प्रयासों और मंत्री उदय प्रताप सिंह के सहयोग के परिणामस्वरूप अब नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से नगरवासियों में खुशी का माहौल है और लोग इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में कई ऐसे स्थान हैं जहां तेज रफ्तार वाहनों के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सड़क पार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्पीड ब्रेकर बनने से वाहनों की गति नियंत्रित होगी और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। साथ ही बाजार क्षेत्रों एवं घनी आबादी वाले इलाकों में लोगों को राहत मिलेगी। नगरवासियों ने इस जनहितकारी पहल के लिए नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल, मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं एमपीआरडीसी विभाग का आभार व्यक्त किया है। नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और प्रशासन के सहयोग से नगर की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो पाया है। क्षेत्र के लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी नगर की यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए इसी प्रकार प्रभावी कदम उठाए जाते रहेंगे। नागरिकों का मानना है कि स्पीड ब्रेकर निर्माण कार्य साईंखेड़ा को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

पुलिस का संदेश सतर्कता ही सुरक्षा है

नवभारत,नरसिंहपुर। पुलिस द्वारा एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता ऋषभ दीक्षित, निवासी ग्राम खंचारी, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक, के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई कि उनके मोबाइल पर शादी के निमंत्रण के नाम से एक क्क्य फाइल प्राप्त हुई थी। उक्त फाइल पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया तथा साइबर ठगों द्वारा उनके बैंक खाते से 16 अलग-अलग ट्रांजेक्शनों के माध्यम से कुल ?4,39,000 की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई। संबंधित बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध खातों को तत्काल होल्ड कराया गया तथा तकनीकी प्रयासों के माध्यम से फ्रॉड की गई राशि को सुरक्षित कराया गया। नरसिंहपुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के चलते पीडित की मेहनत की कमाई वापस- पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता की संपूर्ण राशि ?4,39,000 वापस कराई गई। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर शिकायतकर्ता एवं उनके परिजनों द्वारा नरसिंहपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

नवभारत,गोटेगांव। नरसिंहपुर विगत दिवस कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजयसिंह (राहुल भैया) मध्य प्रदेश पूर्व अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति के निवास स्थान पहुंचे जहां उनका नर्मदा प्रसाद प्रजापति एवं पूर्व विधायक संजय शर्मा व जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल द्वारा आत्मीय स्वागत किया इसके पश्चात नेता प्रतिपक्ष ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, गोटेगांव विधानसभा के ब्लॉक मंडल नगर के पदाधिकारी और बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना है।

सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : उदय प्रताप

नवभारत,गाडरवारा। प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बच्चों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं श्रमिकों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मंत्री सिंह शनिवार को जिले के विकासखंड सांईखेड़ा के ग्राम घूरपुर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य साधना स्थापक, पूर्व विधायक नरेश पाठक, मिनेन्द्र डागा, सुरेश श्रीवास्तव, मोहरकांत पटेल, चंद्रकांत शर्मा, राजेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य अंजु शुक्ला

सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री सिंह ने ग्राम घूरपुर में 72 लाख 33 हजार रुपये लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 133 आवासों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। सरकार ने गांव-गांव तक सड़क एवं पुल-पुलियों का निर्माण कर आवागमन की सुविधाओं का विस्तार किया है। अपने संबोधन में मंत्री सिंह ने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से गंभीर मरीजों को दूरस्थ क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक शीघ्र पहुंचाया जा रहा है। किसानों के हितों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से किसानों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से किसानों को आर्थिक लाभ मिला है।

विधायक की पहल पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक महेन्द्र नागेश की अनुशंसा पर जनपद पंचायत गोटेगांव द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के माध्यम से कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स एवं अन्य सहायक उपकरणों के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं परीक्षण किया गया। साथ ही ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ कोहनी के ऊपर से अथवा पैर घुटने के ऊपर से कटे हुए हैं, उनका भी विशेष रूप से चिन्हांकन किया गया।

एक नजर में

अल्प प्रवास पर तेंदूखेड़ा पहुंचे राहुल

नवभारत,तेंदूखेड़ा। रविवार को चुरहट विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया अल्प समय के लिए पूर्व विधायक संजय शर्मा के तेंदूखेड़ा स्थित निवास पर पहुंचे। संजय शर्मा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एन पी प्रजापति जिला प्रभारी आलोक मिश्रा पूर्व विधायक सुनील जायसवाल देवेंद्र पटेल गुड्डू भैया दीवान शैलेन्द्र सिंह प्रदीप रघुवंशी सोबरन ठाकुर कमल जैन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल सूर्यकांत लोधी समेत कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मेहगांव में सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम गोरखपुर में मुक्ति धाम की बाउंड्री वॉल, सौंदर्यीकरण कार्य, सीसी रोड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों तथा ग्राम आलोद स्थित शांति आश्रम में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। मेहगांव में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वहीं गोरखपुर में मुक्ति धाम एवं सड़क निर्माण कार्यों के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि इन कार्यों से ग्रामवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा गांव का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इसके पश्चात ग्राम आलोद स्थित शांति आश्रम में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास समाज की सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करता है। आश्रम परिसर की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के लिए यह निर्माण कार्य महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष, सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक ने सभी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

3 जून को लगेगा दिव्यांगजन सहायता शिविर

नवभारत,करेली। एस.आर. ट्रस्ट एलिमको के माध्यम से नि:शुल्क दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 03 जून 2026, बुधवार को पंडित महादेव प्रसाद तिवारी भवन, राम वार्ड, करेली में किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें आवश्यकता अनुसार ऑन द स्पॉट कृत्रिम हाथ-पैर एवं कैलिपर्स नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिनके हाथ या पैर का कोई हिस्सा कट गया हो अथवा जिन्हें पोलियो या अन्य बीमारी से चलने-फिरने में कठिनाई होती हो। शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या अधिक) अथवा यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, बीपीएल/राशन कार्ड अथवा आय प्रमाण पत्र तथा समग्र आईडी की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

करेली सिंगिंग ग्रुप का शानदार आयोजन

नवभारत,करेली। नगर में संगीत क्षेत्र की प्रतिभाशाली हुई संस्था नॉन प्रोफेशनल करेली सिंगिंग ग्रुप द्वारा गीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन गत रविवार को विजय बड़कुर निवास पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया तदुपरांत गीत संध्या में कलाकारों ने सदाबहार नगमों की प्रस्तुति देकर रंग जमाया।

कार्यक्रम में नगर कि प्रज्ञा लूनावत ने सैया ले गई पिया तेरी पहली नजर महिला गायिकी मे आभा गुप्ता ने जीवन के दिन छोटे सही मीतिका सिंघई ने हम तुम्हें चाहते है ऐसे कि मरने वाला कोई सीमा कोहली ने किसी राह पर किसी मोड़ पर देना तुम साथ मेरा प्रज्ञा लूनावत ने सैया ले गई पिया तेरी पहली नजर रानी ओसवाल ने न कजरे की धार न मोतियों के हार..राकेश बड़कुर ने बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है पंकज गुप्ता राईस ने दिल क्या करे जब किसी को किसी से प्यार हो जाये नीलेश नायक ने मंजिले अपनी जगह

है रास्ते अपनी जगह विजय बड़कुर ने रिमझिम घिरे सावन अनुराग अग्रवाल ने आके तेरी बाँहों मे हर शाम लगे सिंदूरी कौशल नेमा ने मेरा जीवन कोरा कागज कोरा ही रह गया अवनीश गुप्ता आमगांव बड़ा ने मंजिलों पे आके लूटते है दिलों के कांरवा वरिष्ठ गायक राजेश सोनी ने जब दीप जले आना, जब शाम ढले आना फूलचंद पटैल ने जाने बहार उसमे तेरा बेहिसाल है आदि गीत व नगमों की प्रस्तुति दी। युवा रचनाकार अमित जैन संजय ने स्वयं द्वारा रचित गड़लो की सुरमयी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में माहौल बनाया।

जन भावनाओं के अनुरूप नहीं हो रहा नाली निर्माण

नवभारत,तेंदूखेड़ा। सड़क बिजली पानी नाली निर्माण लोगों की सुविधा के लिए ही कराये जाते हैं। लेकिन जन सुविधाओं को नजरंदाज कर यदि निर्माण कार्य होने लगते हैं तो निश्चित तौर पर लोगों की नाराजगी सामने आने लगती है। ऐसा ही एक उदाहरण सहजपुर तेंदूखेड़ा नव निर्माण मार्ग पर सड़क किनारे बनाई जा रही नाली को लेकर स्थानीय रहवासियों ने आपत्ति जताई है। और आने वाले समय में लोगों की परेशानियां बढ़ेगी।

आरोप है कि सड़क के बाजू में बनाई जा रही नाली सीसी रोड ढलने के बाद लगभग 3 से साढ़े फीट ऊंची दीवार खड़ी की जा रही है। जिससे नाली की ऊंचाई आसपास के कई मकानों के दरवाजों से भी अधिक हो गई है। पीड़ित वर्ग का कहना है कि यदि नाली का निर्माण इसी स्तर पर किया गया तो बरसात के दौरान घरों से पानी की निकासी प्रभावित हो सकती है और जलभराव की

समस्या उत्पन्न हो सकती है। रहवासियों ने यह भी आशंका जताई है कि ऊंची दीवार के कारण मकानों तक पहुंचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।और घर के अंदर जाने के लिए रोड पर ही सीढ़ियां बनाना पड़ेगी तब कहीं भुगतान जाकर घर के अंदर प्रवेश हो पाएंगे जिससे आने जाने वाले वाहनों में भी परेशानी हो सकती है। प्रभावित परिवारों ने निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराते हुए नाली की डिजाइन और ऊंचाई का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य ऐसा हो जिससे सड़क की जल निकासी भी बनी रहे और लोगों के घरों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कर उचित समाधान निकालने की मांग की है। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

भाजपा जिला नरसिंहपुर की बड़ी उपलब्धि

मन की बात के 134वें एपिसोड में सभी 1154 बूथों से शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग

नवभारत,नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी नरसिंहपुर जिला संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड के अवसर पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक उपलब्धि हासिल की है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1154 बूथों पर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया तथा प्रत्येक बूथ से संगठन ऐप के माध्यम से शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित की गई। इस उपलब्धि पर जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। सभी कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयासों से जिले ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है, जो संगठन की मजबूती और कार्यकुशलता को दर्शाती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों, नवाचारों तथा देश के विकास में किसानों की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसान भाइयों के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों पर विचार-विमर्श किया।

जीवन में आत्मसात करेंगे

जिला अध्यक्ष पाठक ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरित करने वाला जनसंवाद है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि कार्यक्रम से प्राप्त सकारात्मक संदेशों को सभी कार्यकर्ता एवं नागरिक अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। जिले के सभी बूथों पर शत-प्रतिशत उपस्थिति और रिपोर्टिंग ने नरसिंहपुर भाजपा संगठन की एकजुटता, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को एक बार फिर प्रमाणित किया है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर युवाओं का उन्मुखीकरण

नवभारत,नरसिंहपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश वॉलेंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से सेतु संस्था नरसिंहपुर द्वारा ठाकुर निरंजन सिंह आई टी आई संस्थान में युवाओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेतु संस्था सचिव सुमित दुबे ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम नोकोटिन और तंबाकू की लत के दुष्चक्र को तोड़ना रखी गई है। तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास में युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होना होगा तभी हम समाज को तंबाकू मुक्त बना सकते है। आई टी आई संचालक राकेश राजपूत ने कहा जैसा कि महात्मा गांधी कहते थे, वास्तविक धन स्वास्थ्य है, न कि सोना-चांदी। आइए हम अपने स्वास्थ्य को सर्वोपरि प्राथमिकता दें।

न्यायालय तहसीलदार वृत्त-02 नरसिंहपुर म.प्र.

श्रीमति भागवती राठौरिया पत्नि रेवाराम राठौरिया
निवासी - नेहरू वार्ड डेढवारा तह. व जिला नरसिंहपुर
बनाम
आम जनता (जिसका भी हित हो)
रा.मा.क्रं.... /31-6/2026-27
पेशी दिनांक 15/06/2026
आम सूचना

इस न्यायालय में आवेदिका भागवती राठौरिया पत्नि रेवाराम राठौरिया निवासी नेहरू वार्ड डेढवारा तह. व जिला नरसिंहपुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया कि मौजा कंदेली प.ह.नं. 41 रा.नि.सं. नरसिंहपुर 02 तह. व जिला नरसिंहपुर स्थित ख.नं. 229/2 में से 680 वर्गफुट भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 24/01/2008 के अनुसार विकेता महेन्द्र सिंह कुर्मी से क्रय की गई है। आवेदक के द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण करने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में सुनवाई हेतु विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 15/06/2026 को नियत है। उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण में जिस किसी को आपत्ति हो या उक्त प्रकरण में कोई व्यक्ति अपना हित रखता हो तो वह पेशी दिनांक 15/06/2026 को इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। पेशी उपरांत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

नोट :- यदि दिनांक 15/06/2026 को किसी परिस्थितिवश अवकाश घोषित किया जाता है तो दूसरे दिन प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी
नरसिंहपुर
दिनांक :-
तहसीलदार
नरसिंहपुर